MID-TERM

SUBJECT — HINDI (MIL)

CLASS — VIII

FULL MARKS — 80   PASS MARKS — 24

TIME — 3 HOURS

General Instruction:

(i) The candidates are advised to attempt all questions accordingly.

(ii) Marks allocated to every question is indicated against each.

(iii) Do not copy the questions. Write the answers only and number them correctly.

SECTION - 'A' / खण्ड - 'क' (Objective-type Questions)

---

1. नीचे दिए गए सही कथन के सामने 'सही' (✓) और गलत कथन के सामने 'गलत' (x) का चिन्ह लगाएँ: **1x5 = 5**

(क) दिल्ली पर शासन करने वाला गड़रिया मूल रूप से ईरान का था और उसका नाम नादिर था।

(ख) लेखिका ने राजेंद्र बाबू को सर्वप्रथम पटना हवाई अड्डा पर देखा था।

(ग) घर हमारे लिए जीवन की सामग्री और सुरक्षा प्रदान करती है।

(घ) पराधीनता का जीवन वीरता से मर जाने से कहीं निकृष्ट है।

(ङ) फोटो खिंचवाते समय प्रेमचंद की शारीरिक भंगिमा बहुत ही आकर्षक थी।

2. कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति करें: **1x5 = 5**

(बावली, फिकर, बसंती, निडर, अनोखी)

(क) हवा हूँ, हवा मैं ________ हवा हूँ।

(ख) सुनो बात मेरी ________ हवा हूँ।

(ग) बड़ी __________ हूँ, बड़ी मस्तमौला।

(घ) नहीं कुछ __________ है, बड़ी ही __________ हूँ।

3. खण्ड - 'अ' के शब्दों का अर्थ खण्ड - 'ब' के शब्दों के साथ मिलान कर सही जोड़े बनाएँ: **1x5 = 5**

खण्ड - 'अ'	खण्ड - 'ब'
(i) खिला	लाचार
(ii) तीर	दूल्हा
(iii) विवश	पत्थर
(iv) वर	तालाब
(v) पोखर	किनारा

4. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए: **1x5 = 5**

(क) 'फलाहार' शब्द का संधि-विच्छेद निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(i) फल + आहार (ii) फला + हार (iii) फल + हर

(ख) 'पराधीन' शब्द का विलोम निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(i) परतंत्र (ii) गुलाम (iii) स्वाधीन

(ग) 'पथिक' शब्द का समानार्थी शब्द निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(i) रास्ता (ii) यात्री (iii) पथ

(घ) 'धनवान' शब्द कौन-सा प्रत्यय लगने से बना है?

(i) धन (ii) वान (iii) वन

(ङ) 'दिल बैठना' मुहावरे का अर्थ है -

(i) खुश होना (ii) प्रसन्न होना (iii) निराश होना

SECTION - 'B' / खण्ड - 'ख' (अतिलघूत्तरीय प्रश्नोत्तर / Very Short answer-type Questions)

5. निम्नलिखित में से किन्हीं चार (Any four) प्रश्नों के उत्तर (लगभग 25 शब्दों में) लिखिए: **2x4 = 8**

(क) विभिन्न शासकों के शासन काल में दिल्ली किन-किन नामों से पुकारी जाती रही है?

(ख) असहयोग आंदोलन कब और क्यों शुरू हुआ था?

(ग) राजेंद्र बाबू को 'देशरत्न' की उपाधि क्यों मिली?

(घ) हमें अपने घर से प्यार क्यों होता है?

(ङ) लेखक प्रेमचंद की तरह फटे जूते क्यों नहीं पहन सकता है?

6. निम्नलिखित में से किन्हीं दो (Any two) प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **2x2 = 4**

(क) केवट रामजी को गंगा पार ले जाने से क्यों मना करता है?

(ख) 'बसंती हवा' कविता में बसंती हवा अपने बारे में क्या बताती है?

(ग) बसंती हवा पहर-दोपहर कहाँ रहती है?

7. निम्नलिखित किन्हीं तीन (Any three) प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **2x3 = 6**

(i) निम्नलिखित किन्हीं दो शब्दों के विलोम शब्द लिखिए: **1x2=2**

(क) प्राचीन (ख) जीवन (ग) दुश्मन (घ) लड़का

(ii) निम्नलिखित किन्हीं दो शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए: **1x2=2**

(क) शीतावकाश (ख) छात्रावास (ग) महात्मा

(iii) निम्नलिखित किन्हीं दो मुहावरों का अर्थ लिखिए: **1x2=2**

(क) हाथ से निकल जाना (ख) धूल चटाना (ग) हताश न होना

(iv) निम्नलिखित किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए: **1x2=2**

(क) मोहन पुस्तक पढ़ रही है।

(ख) बच्चे खेल रहा है।

(ग) मैंने अभी फल खाना है।

SECTION - 'C' / खण्ड - 'ग' (लघूत्तरीय प्रश्नोत्तर / Short answer-type Questions)

8. निम्नलिखित किन्हीं चार (Any four) प्रश्नों के उत्तर (लगभग 50 शब्दों में) लिखिए:

3x4 = 12

(i) दिल्ली पर किन-किन वंश के शासकों ने राज किया है? उनके नाम लिखिए।

(ii) लेखिका ने जब राजेंद्र बाबू को देखा तो उन्होंने कैसा वस्त्र धारण किया था?

(iii) देश हमें क्या-क्या सुविधाएँ प्रदान करता है?

(iv) सच्चा देशभक्त किसे कहा जा सकता है?

(v) लेखक ने प्रेमचंद के जूते फटने के क्या-क्या कारण बताए हैं?

9. निम्नलिखित में से किन्हीं दो (Any two) प्रश्नों के उत्तर विस्तार में लिखिए: 3x2 = 6

(i) केवट अपने नाव को अपने परिवार का पालनहार क्यों कहता है?

(ii) किस बात से हारकर हवा ने सरसों को नहीं हिलाया?

(iii) बसंती हवा के साथ-साथ कौन-कौन हँसने लगे?

10. निम्नलिखित किन्हीं तीन (Any three) प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 3x3 = 9

(i) व्याकरण का क्या मंहत्व है?

(ii) संधि किसे कहते हैं? इसके मुख्य भेदों के नाम लिखिए।

(iii) कारक किसे कहते हैं? इसके कितने भेद हैं? प्रत्येक का नाम लिखिए।

(iv) उच्चारण स्थान किसे कहते हैं? मुख्य उच्चारण स्थान कौन-कौन से हैं?

SECTION - 'D' / खण्ड - 'घ' (दीर्घउत्तरीय प्रश्नोत्तर / Long answer-type Questions)

11. 'राजेंद्र बाबू' अथवा 'प्रेमचंद के फटे जूते' पाठ का सारांश (लगभग 100 शब्दों में) लिखिए।

5x1 = 5

12. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर (लगभग 100 शब्दों में) अनुच्छेद लिखिए:

5x1 = 5

(क) प्रातःकाल का भ्रमण

(ख) पेड़-पौधों के लाभ

(ग) सैनिक का जीवन

13. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर (लगभग 100 शब्दों में) निबंध लिखिए:

5x1 = 5

(क) परोपकार

(ख) बसंत ऋतु

(ग) महात्मा गाँधी